# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

तृतीय झारखण्ड विधान सभा — नवम् सत्र (मानसून)

संख्या-04 — बुधवार दिनांक-5 सितम्बर, 2012 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 6.48 बजे अप० तक ।

मानानीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1.विविध चर्चायें:-

क. माननीय सदस्य श्री फूलचन्द मण्डल एवं श्रीमती सुधा चौधरी द्वारा सदन के बाहर धरना दिये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया। आसन द्वारा माननीय नेता, प्रतिपक्ष एवं संसदीय कार्य मंत्री से आग्रह किया गया कि उन्हें ससम्मान सदन के अन्दर लाया जाय।

ख. माननीय सदस्य श्री कृष्णानंद त्रिपाठी द्वारा दिये गये कार्य-स्थगन प्रस्ताव को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किया गया, लेकिन इसे 12.00 बजे मध्याह्न में पढ़ने की अनुमति मात्र दी गयी।

(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य श्री जगरनाथ महतो सहित अन्य कुछ माननीय सदस्य अपने-अपने मुँह पर काली पट्टी बाँधकर सदन में आये।)

ग. माननीय सदस्य श्री योगेन्द्र साव द्वारा दिये गये कार्य-स्थगन प्रस्ताव को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किया गया, लेकिन इसे 12.00 बजे मध्याह्न में पढ़ने की अनुमति मात्र दी गयी।

घ. माननीय सदस्य श्री रघुवर दास ने अ०सू० प्रश्न संख्या- 63 के उत्तर को गुमराह करनेवाला बताते हुए असंतोष जाहिर किया।

च. माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा आसन को अवगत कराया गया कि उन्होंने किन-किन विषयों को गत कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में उठाया था।

छ. आसन से घोषणा की गयी कि आज दिनांक- 05.09.2012 को 01.00 बजे

कृ०पृ०उ०

अपराह्न में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक होगी जिसमें सदन में उठाये जाने वाले विषयों पर चर्चा होगी।

(शोरगुल)

(इस अवसर पर श्री कृष्णानंद त्रिपाठी, स०वि०स० ने सदन का परित्याग किया)

ज. माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने राज्य के डी.जी.पी. पर लगे आरोपों की जाँच सी.बी.आई. से कराये जाने की माँग की।

झ. माननीय सदस्य श्री उमाशंकर अकेला ने राज्य में 33 डी.एस.पी. की पोस्टिंग में हुई धांधली की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया, साथ ही दिनांक- 31.08.2012 को आसन के प्रति की गयी टिप्पणी का उल्लेख करते हुए माननीय सदस्य श्री चंद्रशेखर दूबे के विरूद्ध आई.पी.सी. की विभिन्न धाराओं के तहत लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया और सम्बन्धित कागजात आसन के समक्ष प्रस्तुत किया।

(इस अवसर पर विरोधस्वरुप कांग्रेस एवं जे.वी.एम. के कुछ माननीय सदस्य सदन की वेल में आ गये)

(शोरगुल)

ठ. माननीय सदस्य श्री सौरभ नारायण सिंह ने माननीय सदस्यों पर लगे ऐसे आरोपों की जाँच कराये जाने की माँग की।

ड. आसन द्वारा सरकार, मुख्य सचिव एवं डी.जी.पी. को माननीय सदस्य श्री चंद्रशेखर दूबे पर लगे आरोपों की जाँच कर दिनांक- 06.09.2012 को 2.00 बजे अपराह्न में सदन को अवगत कराये जाने का निदेश दिया गया। नेता, प्रतिपक्ष द्वारा इसपर आपत्ति जतायी गयी।

(शोरगुल)

ढ़ माननीय सदस्य श्री सरफराज अहमद, श्री अमित कुमार यादव एवं श्री अरविन्द कुमार सिंह ने इस विषय पर अपने-अपने विचार दिये। माननीय सदस्य श्री रघुवर दास एवं श्री प्रदीप यादव ने इस विषय का पटाक्षेप किये जाने हेतु आसन से अनुरोध किया।

(शोरगुल)

त. आसन द्वारा विभिन्न अखबारों में पूर्व में छपे माननीय सदस्य श्री चंद्रशेखर दूबे के बयानों को पढ़कर सुनाया गया जिसके विरोधस्वरुप विपक्ष द्वारा सदन का परित्याग किया गया।

थ. श्री उमाकान्त रजक माननीय सदस्य ने झारखण्ड विधान सभा के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के वेतन में ग्रेड पे लागू किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। आसन द्वारा बैठक बुलाकर मामले के निष्पादन हेतु आश्वस्त किया गया।

**2.प्रश्नकाल :-**

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

क्र० पृ०उ०

(I) कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या-26

(क) उत्तरित कुल-04 (अ० सू०-48, श्रीमती कुन्ती देवी, स० वि० स०, अ० सू०-49, श्री विष्णु प्रसाद भैया, स० वि० स०, अ० सू०-58, श्री नवीन जयसवाल, स० वि० स० एवं अ० सू०-49, श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स०)।

(ख) स्थगित कुल-01 ( अ० सू०-60, श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स०)।

(ग) अपृष्ठ कुल-12 ( अ० सू०-44 से अ० सू०-47 एवं अ० सू०-50 से अ० सू०-57 )।

(घ)अनागत कुल-09 (अ० सू०- 61 से लेकर अ० सू०- 69 तक)।

(II) कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या-75

(क)अनागत कुल-75 (तारां०-99 से तारां०-173 तक)।

(अपने विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न पथों के नहीं बनाये जाने के कारण हो रही समस्याओं की ओर माननीय अध्यक्ष महोदय का ध्यान माननीय सदस्या, श्रीमती सुधा चौधरी ने आकृष्ट किया जिसपर 1.00 बजे अपराह्न में प्रभारी मंत्री को मामले को देखे जाने हेतु सुझाव दिया गया)

3.शून्यकाल:-

पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने-अपने शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री उमाशंकर अकेला,
श्री बिदेश सिंह,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री हरेकृष्ण सिंह,
श्री विद्युत वरण महतो,
श्री दीपक बिरुवा,
श्री जगरनाथ महतो,
श्री गुरुचरण नायक,
श्री रामदास सोरेन एवं
श्री कमल किशोर भगत।

सर्वश्री बंधु तिर्की, निर्भय कुमार शाहाबादी, जनार्दन पासवान, बिनोद कुमार सिंह, अरुप चटर्जी, अनंत प्रताप देव, योगेन्द्र साव, पौलुस सुरीन, सौरभ नारायण सिंह, समरेश सिंह, माधव लाल सिंह, बन्ना गुप्त एवं श्री निजामुद्दीन अंसारी के सदन से अनुपस्थित रहने के कारण उनके द्वारा दी गयी सूचनाओं को नहीं पढ़ा गया।

4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

आज के लिए निर्धारित ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से क्रमशः सर्वश्री शशांक शेखर भोक्ता, नीलकंठ सिंह मुण्डा, लक्ष्मण गिलुवा एवं श्री दीपक बिरुवा द्वारा सूचनायें पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

क्र० पृ०उ०

**5.सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना:-**

क. पुकारे जाने पर सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 304 (6) के तहत तृतीय झारखण्ड विधान सभा के अष्टम् (बजट) सत्र में प्राप्त शून्यकाल की सूचनाओं से सम्बन्धित उत्तरों की संकलित प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री विद्युत वरण महतो ने इकोटोकियो बैंक द्वारा उनके क्षेत्र में किसानों को ऋण दिये जाने हेतु समय-सीमा बढ़ाने की माँग की, वहीं माननीय सदस्य श्री रघुवर दास ने जमशेदपुर में टाटा प्रबंधन के द्वारा बिजली-पानी की आपूर्त्ति में असहयोगात्मक रवैये की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया)**

ख. पुकारे जाने पर श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टीन, सभापति, प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 216(1) के तहत समिति के 24वें, 25वें एवं 26वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखी गयी।

**(अन्तराल के बाद)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

अन्तराल के बाद मा० अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के पश्चात् थोड़ी देर से विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन में आए। इस बीच कार्यसूची में निर्धारित विशेष वाद-विवाद पर भाषण हेतु माननीय अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्य श्री उमाशंकर अकेला को अनुमति दी।

क- माननीय सदस्य श्री रघुवर दास ने क्रमांक-1(झ) पर उल्लिखित बातें और दिनांक-31.08.2012 को माननीय सदस्य श्री चंद्रशेखर दूबे द्वारा आसन के प्रति कही गई बातों को कार्यवाही से निकाले जाने हेतु अनुरोध किया, इसी क्रम में माननीय सदस्य श्री चन्द्रशेखर दूबे द्वारा सदन की भावना के आलोक में पूर्व में कही गई बातों को वापस लिया गया और पुनः कभी इसकी पुनरावृत्ति नही होने देने के लिए सदन को आश्वस्त भी किया।

ख- माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आसन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कतिपय सारगर्भित बातें सदन में रखी गयी तदुपरांत सदन की भावना के आलोक में माननीय सदस्यों के अनुरोध को मान्य करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्य श्री चन्द्रशेखर दूबे प्रकरण की आपत्तिजनक बातें हटाने हेतु कार्यवाही के अवलोकन के पश्चात् विचार करने का आश्वासन दिया गया।

इसी क्रम में माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने अपने द्वारा पूर्व में दिये गये विशेषाधिकार हनन मामले की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट किया एवं माननीय सदस्य

क्र०पृ०उ०

श्री योगेन्द्र साव ने भी अपने द्वारा दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को आसन की अनुमति से पढ़ा।

## 6.विशेष वाद-विवाद:-

माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव द्वारा सुखाड़, विस्थापन एवं पुनर्वास विषयक सूचना प्रस्तुत करते हुए इसके पक्ष में भाषण किया गया।

(इस अवसर पर माननीय सभापति श्री सरफराज अहमद ने आसन ग्रहण किया)

तदुपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया-

श्री बंधु तिर्की
श्री बिनोद कुमार सिंह
श्री उमाशंकर अकेला
श्री लोबिन हेम्ब्रम
श्री बन्ना गुप्ता
श्री अरबिन्द कुमार सिंह
श्री सुरेश पासवान
श्री हरिकृष्ण सिंह
श्री मन्नान मलिक
श्री दीपक बिरुवा
श्री अनन्त प्रताप देव

(सरकार के उत्तर तक सदन का समय विस्तारित किये जाने पर सहमति हुई)

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)**

श्री विद्युत वरण महतो
श्री समरेश सिंह
श्री योगेन्द्र साव

(इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री गोपाल कृष्ण पातर, श्री सत्यानंद झा एवं श्री मथुरा प्रसाद महतो ने सरकार की ओर से हस्तक्षेप किया। माननीय मंत्री श्री मथुरा प्रसाद महतो के उत्तर से असंतुष्ट होकर झारखण्ड विकास मोर्चा के सदस्यों ने सदन का परित्याग किया।)

सरकार की ओर से माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू द्वारा उत्तर दिया गया तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार, दिनांक- 6.9.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी।

रॉंची,
दिनांक- 05 सितम्बर, 2012 ई०।

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा